चलो बुलावा आया हैं , राधा ने बुलाया हैं

तर्ज - चलो बुलावा आया हैं , माता ने बुलाया हैं

(राधे रानी भजन)

चलो बुलावा आया हैं , राधा ने बुलाया हैं - २
ऊँचे पर्वत पे राधा ने , अपना दरबार लगाया हैं ,

सारे जग में एक ठिकाना , सारे राधे भक्तों का - २
रस्ता देख रही हैं राधा , अपने प्यारे भक्तों का - २
जिसने राधा नाम जपा हैं , वो बरसाने आया हैं ,
चलो बुलावा आया हैं , राधा ने बुलाया हैं - २

राधे रानी के मंदिर में , भक्त जो भी आते हैं ,
राधे राधे गाते हैं और राधे के हो जाते हैं - २
जिसने राधा नाम जपा हैं , उसको इसने तारा हैं ,
चलो बुलावा आया हैं , राधा ने बुलाया हैं - २

मैं भी तो आई हूँ राधा, मुझको भी तो अपना ले तू ,
तेरे दर की मैं भी हूँ दासी ,तेरे चरणों में मुझको बिठा ले तू ,
मेने भी तेरा नाम जपा हैं और तेरा ही प्रेम पाया हैं ,
चलो बुलावा आया हैं , राधा ने बुलाया हैं - २

जरा प्रेम से बोलो - जय श्री राधे ,
सब मिलकर बोलो - जय श्री राधे ,
राधे राधे - जय श्री राधे ,
राधे राधे - जय श्री राधे ,
जय जय श्री राधे , जय जय श्री राधे ।।

भजन का सार
राधा जिनको याद करे वो , भक्त वृन्दावन आते हैं ।
राधे राधे गाते हैं और श्याम के दर्शन पाते हैं ।।

Lyrics - Jay Prakash Verma , Indore

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/34163/title/chalo-bulawa-aaya-hai---radha-nai-bulaya-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |